# नीलकंठ मंदिर के गजा महाराज की हत्या का आरोपी गिरफ्तार


जसवंतपुरा पुलिस ने गजा महाराज की हत्या के मामले में आरोपी को गिरपतार किया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर,** (कासं)। जालोर जिले के जसवन्तपुरा पुलिस ने पंसेरी ग्राम के नीलकंठ महादेव मंदिर की कुटिया में रह रहे गजा महाराज की आठ माह पूर्व की गई हत्या का पर्दाफाश कर आरोपी सुन्दरनाथ चैला योगी शुक्रनाथ को गिरफ्तार कर बापर्दा रखा।

आरोपी ने बताया कि गजा महाराज मुझे देखकर डांटने लगे। इस बात पर हम दोनों की बहस हो गई। तब उसने आवेश में आकर कुल्हाडी से गजा महाराज के सिर पर मार दी।

जालोर जिला मुख्यालय पर पाली रेंज उप महानिरीक्षक ओमप्रकाश ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव के निकटतम एवं भीनमाल उप अधीक्षक अनराजसिह राजपुरोहित के निर्देशन में जसवंतपुरा थानाधिकारी प्रतापसिंह मय टीम ने ग्राम पंसेरी में नीलकंठ महादेव मंदिर के गजा महाराज पुजारी की आठ माह पूर्व हुई हत्या के मामलें का पर्दाफाश कर एक मुलजिम को गिरफ्तार किया।।

6 नवम्बर 2023 को भवानीशंकर पुत्र गजाजी जाति पुरोहित निवासी पंसेरी ने रिपोर्ट पेश बताया कि 30 अक्टूबर 2023 से 06 नवम्बर 2023 के मध्य पंसेरी में नीलकंठ महादेव मंदिर में कुटिया में रह रहे उसके पिता गजा महाराज की किसी ने हत्या कर शव को कुटिया में रखी टंकी में बाधकर डाल दिया है।

प्रकरण की गम्भीरता को देखने हुए उप महानिरीक्षक पुलिस रेंज पाली द्वारा प्रकरण को ट्रेस आउट करने के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक जालोर को विशेष निर्देश दिये गये।

घटना की गम्भीरता एवं मामला धार्मिक भावना से जुड़ा होने के कारण पुलिस अधीक्षक, जालोर द्वारा घटना स्थल का 29 मार्च .2024 को पुन: निरीक्षण किया जाकर अनुसंधान टीम को प्रकरण में सफलता हासिल करने हेतु विशेष निर्देश प्रदान किये गये। अनुसंधान टीम को पुन: ब्रीफ कर नये सिरे से तहकीकात करने के निर्देश दिये गये।

उक्त घटना धार्मिक भावना से जुड़ी होने के कारण प्रकरण में मुलजिम का पता लगाने के लिए पुरोहित समाज द्वारा कई बार धरना प्रदर्शन व मुख्यमंत्री एवं अन्य उच्चाधिकारियों को ज्ञापन दिये गये। प्रकरण में विशेष प्रयास कर सफलता हासिल करने के लिए टीम को विशेष निर्देश जारी किये गये। इस दौरान दर्जनों संदिग्धों से पूछताछ कर आसूचना एवं साक्ष्य एकत्रित किये गये।

पुलिस को घटना स्थल पर मिले साक्ष्य, तकनिकी साक्ष्यो एवं आसूचना से प्राप्त इनपूट से घटना के दिन संदिग्ध सुन्दरनाथ का घटना स्थल से मात्र 200 मीटर पर होना ज्ञात हुआ।

पुलिस ने बताया कि मन्दिर के पुजारी कृष्णपुरी व मन्दिर के आस पास के अन्य लोगों ने सुन्दरनाथ को घटना के दिन नीलकण्ठ महादेव मन्दिर पर देखने एवं सुबह टैक्सी लेकर गांव से बाहर जाने की जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा तकनिकी साक्ष्यों एवं सीसीटीवी कैमरों को खंगालना शुरू किया गया। संदिग्ध रोहित शर्मा उर्फ सुन्दरनाथ उर्फ तन्नु (19) पुत्र गोपाल प्रसाद शर्मा निवासी अन्यौर पुलिस थाना गोवर्धन उत्तर प्रदेश हाल चेला योगी शुक्रनाथ निवासी कालाखाद्रा पंसेरी पुलिस थाना जसवंतपुरा को इंदौर से दस्तीयाब किया। आरोपी ने प्रकरण में पूछताछ करने पर वारदात कारित करना स्वीकार किया।

आरोपी सुन्दरनाथ ने पुछताछ में बताया कि 30-31 अक्टूबर 2023 की मध्यरात्रि को वह अपने आश्रम में जा रहा था तो बीच रास्ते में नीलकंठ महादेव मंदिर पंसेरी पहुंचा तो गजा महाराज के कुटिया में लाईट होने से कुटिया में पहुंचा। गजा महाराज मुझे देखकर डांटने लगे।

इस बात पर हम दोनों की बहस हो गई, तब उसने आवेश में आकर कुटिया के दरवाजे के पास रखी कुल्हाडी से गजा महाराज के सिर में चोट मारी। जिससे गजा महाराज के सिर से खुन आने लगा व नीचे गिर गए। तब उसने गजा महाराज के हाथ पैर व मुंह बांधकर पास में पड़ी लोहे की टंकी में गजा महाराज को डाल दिया व कोटी बंद कर उसके उपर बिस्तर डाल दिए। जिससे उनकी मृत्यु हो गई। फिर रात्रि में साफ सफाई कर मौके से भाग गया।

# पौधरोपण कर उनके संरक्षण का जिम्मा लें : विश्नोई

**पाली**, (नि.सं.)। मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान 2024 को लेकर मंगलवार को पाली संभाग मुख्यालय स्थित कलैक्टर कार्यालय से जागरूकता रैली निकाली गई।

उपखण्ड अधिकारी अशोक कुमार विश्नोई ने बताया कि जिला कलैक्टर एलएन मंत्री के निर्देशानुसार निकाली गई यह जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट कार्यालय से शुरू होकर अहिंसा सर्किल, नगर परिषद मुख्य सड़क मार्ग, नेहरू सर्किल, सुरजपोल चौराहा, अम्बेडकर सर्किल, शिवाजी सर्किल, नया गांव रोड़, पंचायत समिति रोड़, बांगड स्कूल तीराहे होते हुए पुन: कलैक्टर परिसर आकर विसर्जित हुई।

उपखण्ड अधिकारी विश्नोई ने बताया कि मुख्यमंत्री पौधरोपण अभियान के तहत वृक्ष चौपाल का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें अधिक से अधिक पौधरोपण कर उनके संरक्षण का संकल्प दिलाया जाएगा। उन्होंने राजकीय विभागों के सभी अधिकारियों व कार्मिकों के साथ ही आमजन व सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों को अपने घरों व प्रतिष्ठानों के अलावा मुख्य सड़क मार्ग के दोनों और मंदिर परिसर, विद्यालय एवं अन्य सार्वजनिक स्थानों पर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पाली जिले में 10 लाख पौधे लगाने का लक्ष्य है। जिसे हम सभी को मिलकर पूरा करना है। इस मौके पर तहसीलदार जितेन्द्र बबेरवाल, नायब तहसीलदार रमेशचन्द्र ननोमा, एसीबीईओ धमेन्द्र पालरिया, सीओ गाइड डिम्पल दवे, बसंत परिहार, राउमावि आवासन मण्डल प्राचार्य श्रीमती शांति चौहान, नीतू जालवाल, राधेश्याम सोनी, हितेश रामावत, गजेन्द्रसिंह नारलाई, नारायण बालवंशी, विरेन्द्रसिंह शेखावत समेत आशा सहयोगिनी, सहायिका, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता आदि मौजूद रहे।

## पौधारोपण का लक्ष्य रखा

**जोधपुर**, (कासं) । जिला परिषद द्वारा महात्मा गांधी नरेगा के तहत जिले में सघन पौधारोपण गतिविधियों की शुरूआत मानसून और मौसम की अनुकुलता को देखते हुए जिले में 17 लाख 73 हजार पौधे लगाकर पौधारोपण का कार्य किया जायेगा।


**रावतभाटा राजस्थान साईट, एन.पी.सी.आई.एल.**
**ईओआई आमंत्रण संख्या, आरआरसाईट/सीएमआर/2023-24/01**

एन.पी.सी.आई.एल. आरआर साईट दो साल की अवधि के लिए सी.एस.आर. के अंतर्गत दिव्यांग छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए पंजीकृत गैर सरकारी संगठनों, ट्रस्ट और स्वायत्त संगठन आदि से ई.ओ.आई. आमंत्रित करती है। परियोजना की अनुमानित लागत रूपये 1,63,22,460/- (एक करोड तिरेसठ लाख बाईस हजार चार सौ साठ मात्र) है। उपरोक्त क्षेत्र में अनुभव रखने वाले इच्छुक पक्ष www.npcil.nic.in से दस्तावेज डाउनलोड कर सकते है। या अधोहस्ताक्षरी से सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त कर सते है। प्रस्ताव 17.07.2024 को 11 बजे तक प्रस्तुत किया जाना चाहिए।
संबंधित व्यक्ति- प्रवीण कुल्हरी, प्रोजेक्ट प्रभारी, आरआर साइट।
ईमेल pkulhari@npcil.co.in मोबाइल 9412768253
CBC 48132/12/0007/2425


## पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया

**जालोर**, (कासं)। कूटरचित पॉवर ऑफ अटॉर्नी से दुबारा बेचान करने के मामले में मंगलवार को पीडित परिवार के तेजसिंह ने जिला पुलिस अधीक्षक ज्ञानचंद यादव को ज्ञापन देकर मुख्य षडयंत्रकारी मांगीलाल फोलामुथा व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की गई। साथ ही ज्ञापन में मुलजिमानों पर राजीनामा करने के लिए धमकाने का भी आरोप लगाया है।

सायला निवासी तेजसिंह पुत्र शंभूसिंह जाति राजपूत ने ज्ञापन में बताया कि उसके पिता शंभूसिंह द्वारा खरीदसुदा आराजी को कूटरचित दस्तावेज से बेचाननामा निष्पादित करने के मामले में सायला पुलिस ने केवल एक आरोप बलवंतसिंह भोमिया राजपूत को ही गिरफ्तार किया है।

## शिविर लगा

**जालोर**, (कासं)। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल उदयपुर एवं नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के सयुंक्त तत्वावधान में मंगलवार को मेडिकल आपातकालीन सेवा शिविर आयोजित किया गया।जिला नर्सिंग छात्र संगठन जालोर के जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार मेघवाल ने बताया कि विजय पैराडाइस होटल में बेसिक लाइफ सपोर्ट , आपातकालीन नर्सिंग केअर , कार्डिएक अरेस्ट , हार्ट फैल की स्थिति के सीपीआर कैसे देने के बारे में गीतांजली मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल के चीफ नर्सिंग ऑफिसर विजेंद्र सिंह राठौड ने नर्सिंग स्टाफ को संबोधित किया। कार्यक्रम में जालोर, बागोडा तखतगढ़, अहोर , सायला , बिशनगढ समेत पूरे जिले से 1500 नर्सेज ने भाग लिया। कार्य म की शुरुआत सेल्स एंड मार्केटिंग डीजीएम कल्पेश चंद रजबार ने गीतांजली हॉस्पिटल के परिचय के साथ की। राठौड ने नर्सिंग पेशे में आने वाली नवीनतम जानकारी, उपकरणों व एक्मो मशीन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी साझा की।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आदर्श लूखू पंचायत समिति धोरीमन्ना (बाडमेर)**

क्रमांक: ग्राप/निविदा/2024-25/22 दिनांक: 20./06/2024

**निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्माण सामग्री (माल एवं सेवाएं) आपूर्ती के लिए एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु दर अनुबंध (रेट कांट्रेक्ट) पर इच्छुक निविदादाताओं से ई-निविदा प्रक्रिया के तहत दिनांक 25.06.2024 से 05.07.2024 को समय 6.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**UBN No. - PBS2425GLRC00030**

**ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत आदर्श लूखू पं. स. धोरीमन्ना ( बाडमेर )** — **सरपंच ग्राम पंचायत आदर्श लूखू पं. स. धोरीमन्ना ( बाडमेर )**



**कार्यालय ग्राम पंचायत भालीखाल पंचायत समिति धोरीमन्ना (बाडमेर)**

क्रमांक: ग्राप/निविदा/2024-25/21 दिनांक:24./06/2024

**निविदा सूचना संख्या- 01/2024-25**

वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए निर्माण सामग्री (माल एवं सेवाएं) आपूर्ती के लिए एवं उपकरण उपलब्ध करवाने हेतु दर अनुबंध (रेट कांट्रेक्ट) पर इच्छुक निविदादाताओं से ई-निविदा प्रक्रिया के तहत दिनांक 25.06.2024 से 05.07.2024 को समय 6.00 बजे तक निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण ग्राम पंचायत कार्यालय में एवं राज्य लोक उपापन पोर्टल www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in पर अवलोकन किया जा सकता है।

**UBN No. - PBS2425GLRC00027**

**ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत भालीखाल पं. स. धोरीमन्ना ( बाडमेर )** — **सरपंच ग्राम पंचायत भालीखाल पं. स. धोरीमन्ना ( बाडमेर )**


# लोको पायलटों की फैमिली के साथ काउंसलिंग

- **डी.आर.एम. पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि सुरक्षित रेल संचालन के लिए रनिंग स्टाफ का तनाव मुक्त रहना बेहद जरूरी है**
- **स्वास्थ्य मेले में रनिंग स्टाफ के 78 पारिवारिक सदस्यों की स्वास्थ्य जांच**

**जोधपुर**, (कासं) । डी.आर.एम. पंकज कुमार सिंह ने कहा है कि सुरक्षित रेल संचालन के लिए रनिंग स्टाफ का तनाव मुक्त रहना बेहद जरूरी है और इसके लिए उनके परिजनों को घर में उपयुक्त व तनावमुक्त वातावरण बनाए रखना उससे भी ज्यादा जरूरी है।


डीआरएम पंकज कुमार सिंह उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल पॉवर विंग की ओर से रनिंग स्टाफ व उनके परिजनों के लिए रेलवे अस्पताल के कॉन्फ्रेंस रूम में पहली बार आयोजित सेफ्टी सेमिनार और स्वास्थ्य मेले को संबोधित कर रहे थे। डीआरएम ने कहा कि हालांकि रेल संचालन में लोको पायलट की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है लेकिन उससे भी अधिक भूमिका उनके परिजनों की होती है जो उन्हें हर परिस्थिति में तनावमुक्त बनाए रखते हैं।उन्होंने रनिंग स्टाफ की फैमिली से घर में खुशनुमा वातावरण बनाए रखने की अपील की जिससे रनिंग स्टाफ सुरक्षित व संरक्षित रेल संचालन के सदैव सतर्क व स्वस्थ रहें।

इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल यांत्रिक इंजीनियर(शक्ति व पर्यावरण) जोगेंद्र मीणा ने कहा कि जोधपुर मंडल पर दोहरीकरण व विद्युतीकरण कार्यों के कारण ट्रेनों के स्पीड में वृद्धि होने लगी है जिससे लोको पायलटों की भी सुरक्षित रेल संचालन की जिम्मेदारी बढ़ गई है इसलिए उन्हें तनावमुक्त वातावरण में रहकर खुद को स्वस्थ रखने के उपाय करने चाहिए। सहायक मंडल यांत्रिक इंजीनियर (शक्ति) शिल्पा पूनिया ने इस दौरान सेमिनार में उपस्थित रनिंग स्टाफ के पारिवारिक सदस्यों से समन्वय स्थापित किया तथा उनके स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी हासिल की।

सेमिनार में प्रियांशु गुर्जर,जीविका,दर्शना गहलोत इत्यादि बच्चों ने छुक-छुक कर आगे बढ़ना है कविता प्रस्तुत की तथा मुख्य लोको निरीक्षक प्रदीप कुमार यादव ने सतर्क व सजग रहकर ट्रेन संचालन के नियमों पर प्रकाश डाला। सेमिनार का संचालन मुख्य लोको निरीक्षक डी आर सैन ने किया।

मंडल रेलवे अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ ए वासुदेवन के निर्देशन में रेलवे अस्पताल की टीम ने लोको पायलटों के करीब 78 परिजनों की गहन स्वास्थ्य जांच की गई तथा आवश्यकतानुसार उन्हें दवाइयां उपलब्ध करवाई।

## भाटी की जनसुनवाई में सांवल कॉलोनी के लोग पहुंचे


लक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी समिति के लोगों ने विधायक छोटूसिंह भाटी को ज्ञापन दिया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जैसलमेर**, (नि.सं.)। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में विधायक छोटूसिंह भाटी के जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी समिति के पदाधिकारियों द्वारा कॉलोनी की समस्याओं को विस्तृत रूप से बताते हुए ज्ञापन दिया।

ज्ञापन में बताया गया कि कॉलोनी की करीब चार हजार की आबादी सीवरेज, रोड लाइट, पार्कों की सुविधा, रोड़, कम वोल्टेज की समस्या , सामुदायिक भवन आदि से वंचित है । इस दौरान समिति के महेश वासु, बाबूलाल लिलावत, सिद्धार्थ पालीवाल, सुनील गोयल उपस्थित रहे। ज्ञात रहे कि लक्ष्मीचंद सांवल कॉलोनी में आवंटन के 16 साल बाद भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। कॉलोनीवासी , विकास समिति के माध्यम से लगातार इन सुविधाओं को प्राप्त करने के प्रयास कर रहे है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत ओडवाडा पंचायत समिति,जालोर (जिला-जालोर) राज.**

क्रमांक/ग्रा.पं./ओडवाडा/2024/73 दिनांक 24/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

पंचायत समिति जालोर के अधीनस्थ ग्राम पंचायत ओडवाडा के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 की अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि से) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतू राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छूक विर्निमाताओ / विक्रेताओ/ फर्मो के संवेदको / आपूर्तिकताओ के, जो किसी भी राजकीय संस्थान/ उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र म्ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड wwweproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।

**NIB No. - ZJR2425A0024 UBN No. ZJR2425GLOB00026**

सरपंच ग्राम पंचायत ओडवाडा पं. स. जालोर — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत ओडवाडा पं. स. जालोर)



**कार्यालय ग्राम पंचायत माण्डोली पं.स. जसवंतपुरा (जालोर)**

क्रमांक/मनेरगा/लेखा/2024-25/34 दिनांक 25/06/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 01/2024-25**

पंचायत समिति जसवंतपुरा के अधीनस्थ ग्राम पंचायत माण्डोली के लिए वित्तिय वर्ष 2024-25 की अवधि (निविदा प्रभावी होने की तिथि से) के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामग्री एवं उपकरणों की आपूर्ति हेतू राजस्थान लोक उपापन पारदर्शिता अधिनियम, 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत मूल्य कर अधिनियम 2003 के अधीन सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकृत अनुभवी एवं इच्छुक विर्निमाता(ओं)/विक्रता(ओं)/फर्मो/संवेदको/ आपूर्तिकताओं से, जो किसी भी राजकीय संस्थान/उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित/ब्लेक लिस्टेड नहीं हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्योरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा संबंधी समस्त विस्तृत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in पर ई-निविदा अपलोड की जा सकती है।

| क्र. स. | ग्राम पंचायत का नाम | अनुमानित लागत (लाखों में) | ऑनलाईन निविदा डाउनलोड कर अपलोड करने की दिनांक व समय | डी.डी./बीसी व तकनीकी बिड की हाई कॉपी ग्रा.प.स. माण्डोली में जमा कराने की अन्तिम दिनांक व समय | कार्यालय ग्राम पं. माण्डोली में ऑन-लाईन निविदा खोलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | माण्डोली | 52 | 25.06.2024 को सुबह 9.00 AM से 03.07.2024 को शाम 5 PM तक | 04.07.2024 को सुबह 10.30 AM तक | 04.07.2024 को दोपहर 12.00 PM |

**NIB No. - ZJR2425A0025 UBN No. ZJR2425GLRC00027**

सरपंच ग्राम पंचायत माण्डोली पं. स. जसवंतपुरा (जालोर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत माण्डोली पं. स. जसवंतपुरा (जालोर)


# महिला सिलाई प्रशिक्षण व ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित


इंटैक जोधपुर चैप्टर एवं लॉयन्स क्लब जोधाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अभिरुचि शिविर का समापन मसूरिया स्थित वीर दुर्गादास राठौड स्मारक स्थल पर हुआ।

**जोधपुर**, (कासं)। इंटैक जोधपुर चैप्टर एवं लॉयन्स क्लब जोधपुर जोधाणा के संयुक्त तत्वावधान में महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से मसूरिया स्थित श्री नवीन शिशु निकेतन बालिका विद्यालय में श्री भागीरथजी वैष्णव, सह संयोजक इंटैक जोधपुर चैप्टर के निर्देशन में 24 मई से 23 जून तक आयोजित हुए महिला सिलाई प्रशिक्षण एवं ग्रीष्मकालीन अभिरुचि शिविर का समापन मसूरिया स्थित वीर दुर्गादास राठौड स्मारक स्थल सम्पन्न हुआ।

समारोह के मुख्य अतिथि सूरसागर विधायक देवेन्द्र जोशी ने कहा कि आज के मोबाइल युग में छोटे-छोटे छात्र व छात्राओं को आत्मनिर्भर और रुचि के काम में लगाना अविश्वसनीय है। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही सुखद बात है कि शिविर में बच्चों और बडों को आत्मनिर्भर बनाने के गुरु सिखाये गये हैं। समारोह में उप महापौर किशन लड्ढा, लॉयन्स क्लब के रीजन चैयरपर्सन अशोक पटेल, पार्षद अशोक चौहान, जोधपुर होटल एवं रेस्टोरेण्ट सोसायटी के अध्यक्ष जे.एम.बूब एवं लायन्स क्लब जोधपुर जोधाणा के अध्यक्ष अनिल जैन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे और अध्यक्षता वीर दुर्गादास राठौड स्मृति समिति के अध्यक्ष जगतसिंह राठौड ने की।

समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में प्रशिक्षित विभाग के प्रत्येक वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अभ्यर्थियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं विशेष पुरस्कार के तहत स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। साथ ही इस अवसर पर प्रशिक्षकों को भी प्रशंसा पत्र प्रदान किये गये।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में सभी अतिथियों द्वारा वीर दुर्गादासजी की मूर्ति के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई और कार्यक्रम का विधिवत प्रारम्भ किया गया। तत्पश्चात् सभी अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया।

इंटैक जोधपुर के सह संयोजक भागीरथ वैष्णव ने स्वागत उद्बोधन दिया और सभी मेहमानों का आभार व्यक्त किया और इंटैक द्वारा किये जा रहे कार्यो पर प्रकाश डाला और बताया कि इस प्रकार के शिविर आयोजनों से इंटैक पिछले दो दशकों से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रयास किये जा रहे है। साथ ही मेहन्दी, पारम्परिक नृत्य, सिलाई, आर्ट एण्ड क्राफ्ट जैसी कलाएं जो लुप्त हो रही है को पुनः संरक्षण देने का कार्य भी इंटैक द्वारा किया जा रहा है।

देवेन्द्र जोशी, जगतसिंह राठौड, जे.एम. बूब व अनिल जैन ने भी सभी प्रशिक्षणार्थियों को मेहनत एवं लगन से कार्य करने एवं आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रोत्साहित किया। बच्चों द्वारा आकर्षक डांस की प्रस्तुति दी गई।

इस अवसर पर अनिल जैन व जे.एम. बूब ने दो महिला सिलाई अभ्यर्थियों को अपनी ओर से एक-एक सिलाई मशीन देने की घोषणा की। इस अवसर पर प्रशिक्षणार्थियों के साथ उनके अभिभावकण एवं शहर के कई गणमान्य नागरिक इण्टैक के सदस्य इत्यादि उपस्थित थे। तत्पश्चात् जल-पान की व्यवस्था भी की गई। कार्यक्रम का संचालन रतनसिंह चांपावत ने किया।

## संभागीय आयुक्त ने निरीक्षण किया

**जोधपुर**, (कासं) । संभागीय आयुक्त बी.एल. मेहरा ने मंगलवार को महात्मा गांधी अस्पताल का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल में मरीजों से संवाद कर अस्पताल में की जा रही उपचार संबंधी गतिविधियों, राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजना सहित व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

निरीक्षण के दौरान संभागीय आयुक्त मेहरा ने अस्पताल में सफाई व्यवस्था,दवा वितरण केंद्र,ओपीडी, जनरल वार्ड रूम, बर्न यूनिट, स्टोर कक्ष, पार्किंग स्थल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल अधीक्षक को शौचालय, सर्जिकल कक्ष सहित अन्य कक्षों की साफ सफाई नियमित रखने, ओपीडी एवं आईपीडी रजिस्टर प्रतिदिन सुचारू रखने, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य प्रमुख योजनाओं की जानकारी के बैनर लगाने के निर्देश दिए।

मेहरा ने सभी वार्डों में सफाई सहित परिसर में पर्याप्त साफ-सफाई रखने एवं मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधाएं देने के निर्देश दिए। उन्होंने वार्डों का निरीक्षण कर निशुल्क दवा, निशुल्क जांच सहित मरीजों को मिल रही अन्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही, उन्होंने समय पर चद्दर बदलने, शीतल पेयजल, मरीजों के परिजनों के लिए पर्याप्त छाया की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के भी निर्देश दिए। मेहरा ने कहा कि मरीजों और उनके परिजनों को कोई असुविधा न हो इसको विशेष ध्यान रखा जाए। साथ ही, उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी और कार्मिक समय पर अस्पताल में उपस्थित होकर, अपने दायित्वों का निर्वाह करें।


**कार्यालय ग्राम पंचायत अजीतपुरा पं.स. आहोर (जालोर)**

क्रमांक/ग्रापं/बोली/2024-25/51 दिनांक 25/06/2024

**ई-बोली सूचना संख्या 01/2024-25**

पंचायत समिति अजीतपुरा में महानरेगा व अन्य विकास योजनाओं हेतु जारी बोली सूचना वर्ष 2024-25 के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में योजनओं की निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु जीएसटी विभाग के अन्तर्गत पंजीक़त फर्मो/संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑन लाईन बोली आमंत्रित की जाती है

| ग्राम पंचायत का नाम | बोली की अनुमानित लागत राशि (लाखों में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा शुल्क | E- tender processing शुल्क | ऑनलाईन बोली प्रपत्र विक्रय/ डाउनलोड/अपलोड करने की दिनांक व समय | प्रोसेसिंग शुल्क, बोली शुल्क एवं अमानत राशि मय तकनिकी बिड भौतिक रुप से ग्राम पंचायत में जमा कराने की दिनांक प समय | ऑन-लाईन बोली खोलने की दिनांक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अजीतपुरा | 80 लाख | 1.60 लाख | 1000 | 1500 | 10.07.2024 को सायं 5.00 बजे तक | 11.07.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक | 11.07.2024 को शाम 4.00 बजे |

बोली सूचना में बोली शुल्क, बोली प्रतिभूति, बोली प्रोसेसिंग फीस राशि, शर्ते एवं पूर्ण विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in एवं http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखी एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

NIB No. - ZJR2425A0021
UBN No. - ZJR2425GLOB00023

सरपंच ग्राम पंचायत अजीतपुरा पं. स. जसवंतपुरा (जालोर) — ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत अजीतपुरा पं. स. जसवंतपुरा (जालोर)

# 'लोकतंत्र की हत्या थी इमरजेंसी', भाजपा कार्यकर्ताओं ने काला दिवस मनाया



जालोर के भाजपा जिला कार्यालय में आपातकाल के विरोध में कार्यक्रम हुआ। फोटो-राष्ट्रदूत



सांचौर में भाजपा कार्यकर्ताओं ने विवेकानंद सर्किल पर आपातकाल दिवस मनाया। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर/सांचौर**, (कासं)। भारतीय जनता पार्टी सांचौर विधानसभा द्वारा आपतकाल दिवस को भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव एवं रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिह देवल के आतिथ्य में विवेकानंद सर्किल पर मनाया गया। जिसमें विवेकानंद सर्कल से कलेक्टर ऑफिस तक पैदल मार्च निकाला गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली ने बताया कि 25 जून को ही भारतीय इतिहास के सर्वाधिक विवादास्पद फैसले का ऐलान किया गया था। पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गाधी की सलाह पर राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद ने 25 जून, 1975 अर्धरात्री में भारतीय संविधान की धारा 352 के तहत आपातकाल की घोषणा की थी। आजादी के बाद भारतीय इतिहास में इस फैसले को काफी विवादास्पद माना जाता है। आपातकाल लागू होते ही आतरिक सुरक्षा कानून के तहत राजनीतिक विरोधियों की गिरफ्तारी की गई। इनमें जयप्रकाश नारायण, जॉर्ज फर्नांडीज और अटल बिहारी वाजपेयी भी शामिल थे। रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल ने कहा कि इस आपातकाल के बीज 1971 में हुए लोकसभा चुनाव में ही पडे थे, जब इंदिरा गाधी ने प्रतिद्वंद्वी राज नारायण को हराया था। चुनाव परिणाम आने के बाद राज नारायण ने हाईकोर्ट में चुनाव परिणाम को चुनौती दी। उनकी दलील थी कि इंदिरा गांधी ने चुनाव में सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग किया।

इससे इंदिरा गांधी पर दबाव पडा। उसके गुप्तचरों ने सूचना दी कि देश में सर्वत्र शांति हैं और चुनाव में आपकी जीत सुनिश्चित है। इस भ्रम में इंदिरा गांधी ने चुनाव घोषित कर दिये लेकिन यह दांव उल्टा पडा। चुनाव में उसकी पराजय हुई और दिल्ली में जनता पार्टी की सरकार बन गयी। मां और पुत्र दोनों चुनाव हार गये।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवणसिंह राव बोरली, रानीवाडा पूर्व विधायक नारायणसिंह देवल, प्रदेश चिकित्सा प्रकोष्ठ सह संयोजक डां शीला विश्नोई, देवराज चौधरी जिला मीडिया प्रभारी भावेश सोनी, काला दिवस विधानसभा क्षेत्र संयोजक अमराराम देवासी, मंडल अध्यक्ष शंभूसिंह राव, अर्जुनसिंह सरवाना, सांवलाराम माली, तुलसाराम मांजु, रिडमल सिंह डाबी किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष पहाडसिंह राव बोरली सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भाजपा जिला कार्यालय में भाजपा की ओर से 25 जून को काला दिवस के रूप में मनाया गया।

भाजपा जिला प्रवक्ता एडवोकेट मुकेश राजपुरोहित ने बताया की जिला कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश मंत्री सांवलाराम देवासी ने कहा कि 25 जून 1975 को कांग्रेस ने लोकतंत्र की हत्या कर संविधान खत्म करने के कार्य किया था। कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति की पराकाष्ठा है। आपातकाल का दंश को देश ने झेला है । आपातकाल के दौरान संविधान में बदलाव किये गए, नागरिक अधिकार छिन लिये गये। न्यायालयो के हाथ बांध दिये थे। करीब 60 लाख लोगो की नसबंदी कि गयी। सत्ता का पूर्ण दुरुपयोग किया आपातकाल के दौरान अनेक समाजसेवी संगठनो पर पाबंदी लगाई गयी थी। युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष गजेंद्र सिंह सिसोदिया ने महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष मंजु सोलंकी के पिता स्वतंत्रता सेनानी चंपालाल मुणोत के बारे में विचार व्यक्त किया। कार्यकम संयोजक जिला महामंत्री प्रकाश छाजेड ने धन्यवाद आभार प्रकट किया।

इस अवसर भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष ओबाराम देवासी, जिला मंत्री भूर सिंह,,भाजपा जिला प्रवक्ता मुकेश राजपुरोहित, भाजपा नगर अध्यक्ष सुरेश सोलंकी, डिम्पल सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता मंगलसिंह सिराणा, दिलीप सोलंकी, छगन रामावत, मनोहर राणा समेत कई जने उपस्थित रहे ।

**सायला संवाददाता के अनुसार :** सायला कस्बे के निम्बोरानाथ महादेव मंदिर में मंगलवार को भाजपा मंडल सायला द्वारा 25 जून को आपातकाल के 50० वर्ष पूर्ण होने पर काला दिवस के रूप में मनाया गया। भाजपा प्रवक्ताओं ने आपातकाल पर प्रकाश डालते हुए कांग्रेस की भर्त्सना की। साथ ही आपातकाल के दौरान हुई घटनाओं की सच्चाई देश की आम जनता तक पहुंचाने का आग्रह किया।

इस दौरान पूर्व प्रधान रामप्रकाश चौधरी, विक्रमसिंह दहिया, मंडल महामंत्री मांगीलाल राजपुरोहित, मुकंद दवे, कालूराम राजपुरोहित, कस्तूराराम चौधरी, मुल्तानमल आचार्य, ताराराम चौधरी, पारसाराम राणा, घेवरचंद पुरोहित, धुकाराम पुरोहित, बाबूलाल, कालूराम सुथार, जबरसिंह, रघुनाथ, शंभुसिंह मोकनी, बाबू चौधरी, जगाराम माली, बगदाराम माली, गटाराम सेन समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सार-समाचार

### जलदाय कार्मिकों का अभिनंदन किया

**बालोतरा,** (निसं)। यह समदडी ग्राम पंचायत में पहला अवसर है जब जलदाय कार्मिकों का उनके श्रेष्ठ कार्य के लिए स्वागत और बहुमान किया गया। 20 जून को जिला कलक्टर सुशील कुमार यादव के समक्ष गत सप्ताह पुरानी ब्रह्मपुरी समदडी की जल समस्या निवारण हेतु अशोक व्यास अध्यक्ष समदडी द्वारा परिवाद प्रस्तुत किया गया था। जिसकी प्रमुखता से समाचार पत्रों में खबर प्रकाशित हुई थी और खबर का जोरदार असर रहा। जिस पर जन स्वास्थ्य अभियान्त्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता बाबूलाल मीणा ने तुरंत संज्ञान लेकर अधीनस्थ समदडी विभाग के कर्मचारियों को निर्देश प्रदान किए एवं स्वयं भी मौका मुआयना करने पहुंचे। जलदाय विभाग समदडी के कर्मचारियों ने दिन रात काम करके मात्र 6 दिन में समस्या का समाधान कर दिया। जो पिछले 15 माह से चल रही थी। इस पर मोहल्ले वासियों ने जलदाय कार्मिक भोमाराम घांची, महादेव ओझा, घेवरराम देवासी, मोहम्मद खां, भीकमचंद को साफा, माला पहनाकर स्वागत कर बहुमान किया। उपस्थित सभी ग्रामीणों का मुंह मीठा करवाया। समाज के लोगों एवं मोहल्ले वासियों ने अधीक्षक अभियंता बाबूलाल मीणा का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष अशोक व्यास, कोषाध्यक्ष अनिल व्यास, नंदलाल व्यास, अशोक अवस्थी, अश्वनी पिंटुसा, जितेंद्र व्यास, मनोज व्यास, अरुण व्यास, आशुतोष नाग, राघव, धीरज, मनोज व्यास, विकास, घनश्याम, नारी शक्ति में संतोष व्यास सौभा व्यास, प्रेमलता, दुर्गा अवस्थी, टीना, रितिका, खुशबू, तथा योग शिक्षिका प्रीति ओझा व्यास, सहित मोहल्लेवासी बडी संख्या में उपस्थित रहे।

### नमक खान आवंटन पर चर्चा की

**बालोतरा,** (निसं)। पचपदरा रिफाइनरी के कारण प्रभावित हुए नमक उत्पादकों को अन्यत्र खान आवंटन के संबंध में गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक जिला कलैक्टर सुशील कुमार यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सांभरा नमक उत्पादक विकास समिति के अध्यक्ष पारसमल खारवाल ने बताया कि राज्य सरकार नमक खान धारकों के हितों की रक्षा के लिए गंभीर है। सरकार ने रिफाइनरी के कारण प्रभावित हुए 198 खान धारकों को डिस्टर्बेंस चार्जेस के तौर पर 7.85 करोड रुपए का भुगतान करने का बजट प्रावधान किया है। मानसून के समय खान की खुदाई संभव नहीं हो पाएगी, इसलिए यह कार्य बारिश के बाद अक्टूबर माह से प्रारंभ किया जाना उचित होगा। इस पर जिला कलैक्टर ने महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र अनंत आर्य को भूमि चिन्हित कर प्रभावित खान धारकों के लिए आरक्षित रखवाने के निर्देश प्रदान किए। बैठक में उपखंड अधिकारी राजेश कुमार, तहसीलदार पचपदरा गोपीकिशन और जिला उ?द्योग अधिकारी दुष्यंत पटेल भी उपस्थित रहे।

### रक्तदान शिविर आज, विमोचन जारी

**सायला,** (निसं)। उपखण्ड मुख्यालय पर राजस्व विभाग, रक्त सेवादल संस्थान और भारत विकास परिषद् सायला के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित होने वाले एक दिवसीय विशाल रक्तदान एवं रक्त जांच शिविर के बैनर का मंगलवार को विमोचन किया गया। उपखण्ड अधिकारी ताराचंद वेंकट ने ज्यादा से ज्यादा लोगो को शिविर में भाग लेकर रक्तदान करने की अपील की। तहसीलदार हीरसिंह चारण ने आमजन को रक्तदान के लिए प्रेरित करने की बात कही। रक्त सेवादल संस्थान के नवनीत दवे ने बताया कि शिविर का 26 जून, बुधवार को प्रात: 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजन होगा। ऑफिस कानूनगो नारायणदान, पटवार संघ जिलाध्यक्ष महेन्द्रसिंह चंपावत, भू.अ. निरीक्षक भावाराम परमार, रक्त सेवादल संस्थान के नवनीत दवे, हर्ष त्रिवेदी, दुर्गेश घांची, भाविप अध्यक्ष हनुवंतसिंह राजपुरोहित, नारायणलाल विश्वकर्मा, सचिव महेश कुमार दवे, पटवारी सुरेश कुमार, उमाराम, जसाराम, बंटी मीणा, हरदानाराम देवासी, भीमाराम, ज्ञानसिंह, नरेश देवासी, नरपतदान ,रमेश कुमार, संगीता कंवर, विजयसिंह राव, सुरेश कुमार, जबराराम, दीपचंद जाट, मुराद मेहर मौजूद रहे।

### विद्या भारती स्कूल का स्थापना दिवस

**जालोर,** (कासं)। शहर के सिरे मंदिर रोड स्थित विद्या भारती विद्यालय ने अपना 35 वा स्थापना दिवस मनाया। सर्व प्रथम विद्यालय निदेशक के. एन. भाटी ने मॉ सरस्वती के पूजा अर्चना कर आशीष लिया। उसके बाद भाटी ने छात्रों और स्टाफ को संबोधित करते हुए बताया कि आज से ठीक 34 साल पहले जब वो जालोर जिले में आए। तब उन्होंने एक सपना लिए आए थे, की जब भी शिक्षा के क्षेत्र में कोई बडी मिशाल या कोई एक चुनौती सामने खडी होगी, तो उसे स्वीकार कर समाधान की बात आएंगी। विद्या भारती हर वर्ग या समुदाय के छात्रों के लिए उसे पूर्ण करके दिखाएंगा। साथ ही विद्यालय परिणाम की बात करे तो विद्या भारती स्कूल का विगत कई सालो का सराहनीय परिणाम देता आ रहा है। इस वर्ष भी विद्यालय के विज्ञान वर्ग का परिणाम पूरे पाली संभाग में सर्व श्रेष्ठ 16 छात्र 90 प्रतिशत से ऊपर और छात्र यशराज सोलंकी ने 97.20 प्रतिशत जिले में छात्र वर्ग में अव्वल आकर ये बात साबित किया। कार्य म अंत में विधालय नेदेशीका मधु बाला भाटी ने सभी स्टाफ और छात्रों को अभिवादन और धन्यवाद ज्ञापित किया।

### शिविर में 365 यूनिट रक्तदान हुआ

**जोधपुर,** (कासं) । सांई सेवा संस्थान की प्रेरणा से आशा फाउंडेशन ट्रस्ट जोधपुर एवं यश अमन अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में डॉक्टर अक्षय कुमार सोलंकी के मुख्य आतिथ्य में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 365 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। इस शिविर में राजकुमार सोलंकी, डॉ.विल्सन, खेमजी गहलोत, अनिल भंडारी, हरीश पंवार, राजेंद्रसिंह जोधा, बजरंग वैष्णव, सुदेश जावा, अम्बालाल, पवन वैष्णव, नवीन गेहलोत, कपिल शर्मा, प्रफुल परिहार, राधाकिशन परिहार, रवि विश्नोई एवं सभी कार्यकर्ताओं का सराहनीय योगदान रहा। शिविर में रोटरी ब्लड सेंटर, यूनिवर्सल ब्लड सेंटर जयपुर, राज ब्लड सेंटर, उम्मेद ब्लड सेंटर, जोधपुर ब्लड सेंटर ने अपनी सेवाएं प्रदान की। आशा फाउंडेशन ट्रस्ट के संस्थापक विरेंद्र देवड़ा ने बताया कि शिविर में रक्तदाताओं ने उत्साह से हिस्सा लिया।

### सिंघवी अध्यक्ष व भंडारी सचिव बने

**जोधपुर,** (कासं) । जैन युवा संघ सोसायटी की 38वीं वार्षिक आम सभा एवं पारिवारिक गोठ का आयोजन किया गया। आम सभा में सत्र 2024-25 के चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी माणकमल तातेड़, विजय मेहता व एस दिलीप जैन ने बताया कि आम सभा में उपस्थित सदस्यों की सर्वसम्मति से सोसायटी के कार्यकाल सत्र 2024-25 के लिए निर्विरोध चुनाव सम्पन्न हुए, जिसमें खुश सिंघवी को अध्यक्ष, पियूष भंडारी को सचिव व हितेष धोका को खेलकूद मंत्री के पद पर मनोनीत किया गया। मनोनयन पश्चात् चुनाव अधिकारी ने तीनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा सदस्यों ने माला पहनाकर स्वागत किया। नव मनोनीत अध्यक्ष खुश सिंघवी ने बताया कि सत्र 2024-25 की कार्यकारिणी की घोषणा शीघ्र ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जैनों के लिए प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन सभी सदस्यों की सहभागिता से किया जाएगा।

### चिकित्सा विभाग के कार्यों की समीक्षा

**बालोतरा,** (निसं)। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात की अध्यक्षता में एएनएम, डीईओ व आशाओं की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. संदीप देवात ने इस दौरान समस्त जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ली और शहरी वार्ड वाइज प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा की । डॉ संदीप ने बताया कि एनीमिक गर्भवती महिलाओं व आरसीएच कार्यक्रम के प्रति गंभीरता बरतें और आमजन को अधिकाधिक स्वास्थ्य सेवाओं से लाभान्वित करवाए। डॉ. देवात ने समस्त एएनएम, डीईओ व आशाओं को सूचकांक को सात दिवस में सुधारने के निर्देश दिए। जिला कार्यक्रम अधिकारी विजय सिंह ने जेएसवाई व आरएसवाई और एएनएम वर्क प्लान के अनुसार समीक्षा की। बैठक के दौरान उप नियंत्रक डॉ बालकृष्ण प्रजापति, पीएचएम रमेश कुमार, एएनएम, डाटा एंट्री ऑपरेटर व आशाएं उपस्थित रही ।

### कवरेज करने से रोका

**धोरीमना,** (निसं)। पुलिस थाना धोरीमन्ना में मंगलवार को एक प्रकरण में पुलिस द्वारा मामले को छुपाने पर कवरेज करने गये पत्रकार को पुलिस द्वारा कवरेज करने से रोका गया। धोरीमना थाने में किसी प्रकार को लेकर जानकारी के लिए पत्रकार थाने गए तो थाने में तैनात स्टाफ द्वारा एवं थानेदार, मुंशी, हेड कांनिस्टेबल रीडर स्टाफ द्वारा पत्रकार को कवरेज नहीं करने दिया। उन्होंने बताया कि आप पुलिस थाने से बाहर चले जाओ। पुलिस द्वारा हम खुद कवरेज करके आपको सूचना दे देंगे। आप अंदर नहीं आ सकते हो। ऐसा कहते हुए उन्होंने पत्रकार को बाहर निकाल दिया।

## घर-घर जाकर पोलियो की दवा पिलायेंगे

**बालोतरा**, (निसं)। जिले को पोलियों से मुक्त बनाने हेतु राज्य सरकार के निर्देशानुसार 30 जून को राष्ट्रीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को घर-घर जाकर पोलियों की दवा नि:शुल्क पिलाई जायेंगी।

इसके लिए सम्पूर्ण जिले में बूथ बनाये गये हैं तथा आवश्यकतानुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर भ्रमणशील दलों द्वारा दूर दराज क्षेत्रों के बच्चों को पोलियों खुराक पिलाने का कार्य भी किया जायेंगा।

जिला कलैक्टर ने अपील करते हुए कहा कि राष्टीय पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान में जन भागीदारी बनाने तथा जिले को पोलियों से मुक्त बनाने का संकल्प घर घर पहुंचाने के लिए 29 जून को प्रात: 8 बजे जिला मुख्यालय, तहसील मुख्यालय, प्रत्येक पंचायत समिति मुख्यालय, ग्राम पंचायत मुख्यालय, प्रत्येक राजस्व ग्राम (जहां प्राथमिक विद्यालय है) वहां पर विशाल पल्स पोलियों जन चेतना रैली जिला प्रशासन पंचायती राज विभाग, चिकित्सा विभाग एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की जाएगी। जिसमें आम जनता जन प्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं वरिष्ठ नागरिकों, समाज सेवी संस्थाओं एवं राज्य कर्मचारियों शिक्षकों छात्र छात्रों की सक्रिय भागीदारी अपेक्षित है। उन्होंने सभी से सहयोग प्रदान कर रैली एवं पल्स पोलियों अभियान को सफल बनाने की अपील की।

## विश्व विटिलिगो दिवस पर गोष्ठी का आयोजन किया



मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर के चर्म एवं रति रोग विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया।

**जोधपुर**, (कासं) । विश्व विटिलिगो दिवस के अवसर पर मथुरादास माथुर चिकित्सालय जोधपुर के चर्म एवं रति रोग विभाग में संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

इसमें एमडीएम अस्पताल के अधीक्षक एवं सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर नवीन किशोरिया , पूर्व प्रिंसिपल तथा सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर दिलीप कच्छावाह, विभागाध्यक्ष एवं प्रोफेसर डॉक्टर पंकज राव, सीनियर प्रोफेसर डॉक्टर विनोद जैन, एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर चंद्र प्रकाश चौहान, असिस्टेंट प्रोफेसर डॉक्टर मंजू लता वर्मा एवं असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ आनंद लामोरिया ने भाग लिया। इसमें विटिलिगो के मरीज, उनके परिजन तथा आमजन ने भी भाग लिया। डॉ नवीन किशोरिया ने कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए कहा कि विटिलिगो रोग के इलाज से संबंधित जो प्रयास चर्म रोग विभाग, द्वारा किया जा रहे हैं वह अतुलिनीय है और बहुत सारे मरीज इससे लाभान्वित है। डॉ दिलीप कच्छावाह ने बताया कि विटिलिगो, जो की त्वचा के रंग हल्का पड़ने से संबंधित बीमारी है, इसका इलाज संभव है और इसके मरीजों को चिंता मुक्त रहना चाहिए। उन्होंने बताया कि इससे संबंधित लगाए जाने वाली क्रीम, प्रकाश थेरेपी तथा विटिलिगो सर्जरी जैसे इलाज उपलब्ध है। पंकज राव ने बताया की विटिलिगो से संबंधित फैली हुई भ्रांतियां जैसे की खटाई खाने, मांसाहार के साथ दूध पीने इत्यादि से बढ़ता है, के बारे में फैले हुए मिथको को दूर करते हुए कहा कि यह शरीर के अंदर से उठने वाला एक रोग है जिसमें शरीर का रोग प्रतिरक्षा तंत्र प्रभावित होता है तथा इसके लिए विभिन्न इलाज उपलब्ध है जो प्रभावशाली है।

डॉक्टर चंद्र प्रकाश चौहान, डॉक्टर मंजू लता वर्मा तथा डॉक्टर आनंद लांमोरिया ने भी विटिलिगो के मरीजों के विभिन्न भ्रांतियां दूर करते हुए उपलब्ध इलाज के बारे में बताया।

## संस्कार शिविर 2024 संपन्न



गुणानाम आधानम दोशणम अपनयनम इस वेदोक्त पंक्ति पर आधारित संस्कार शिविर का विधिवत समापन हुआ।

**जोधपुर**, (का.सं.)। गुणानाम आधानम दोशणम अपनयनम इस वेदोक्त पंक्ति पर आधारित संस्कार शिविर का विधिवत समापन हुआ।

प्राप्त जानाकारी के अनुसार शिविर के संरक्षक अश्विनी व्यास ने बताया कि समापन समारोह में कार्यक्रम के मुख्य शीन काफ निजाम, अध्यक्षता समाजसेवी सुरेश राठी, विशिष्ट अतिथि मनोज अग्रवाल और शिक्षाविद डा श्वेता पुरोहित उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य प्रशिक्षक एवं ज्योतिषविद डॉ. संजय बोहरा ने किया और पूरे माह चले शिविर की विभिन्न गतीविधियों की जानकारी दी। वेद पाठियों को संबोधित करते हुए शीन काफ निजाम साहब ने संस्कार और संस्कृति का मायने समझाया।

सुरेश राठी ने कहा कि ऐसी गतिविधियों से ही बालक बालिकाओं का सर्वांगीण विकास होता है। समाजसेवी मनोज अग्रवाल ने वेद पाठियों का उत्साह वर्धन किय।

कार्यक्रम में शिक्षा विद और समाजसेवी जुगल किशोर बोहरा ने बालक बालिकाओं को आशीर्वाद प्रदान किया। डॉ. बोहरा ने बताया कि आज कार्यक्रम का आरंभ प्रात: जलयात्रा से हुआ जो आशापुरा माताजी के मंदिर से कल्लो की गली , जोशियों की कठकल होते हुए बनियाबाड़ा पहुंची।

वहां से पवित्र जल जालप बावड़ी से भरा गया और जालप मोहल्ला , बिस्सा का चौक होते हुए कार्यक्रम स्थल पर पहुंची।

कार्यक्रम के दूसरे चरण में बालक बालिकाओं ने वेद पाठ किया जिसमे रुद्र सूक्त , श्री सूक्त, पुरुषुक्त और भद्र सूक्त का सस्वर उच्चारण किया। साथ ही शांति हवन करवाया।

मुख्य कार्यक्रम में अतिथियों ने बच्चो को पारितोषिक एवं प्रमाण पत्रों प्रदान किए। सोमेश चंगन, किशोर पुरोहित , राजेश व्यास ,सुरेंद्र पुरोहित, दईया कुशल शरद हर्ष , दिनेश कल्ला ने कार्यक्रम का व्यवस्थापन संभाला । इस वर्ष 108 बालक बालिकाओं ने संस्कार शिविर में भाग लिया। इसके पश्चात साफा गुरु प्रमोद बिस्सा के सानिध्य में बालक बालिकाओं ने साफा बांधने का प्रदर्शन किया।

## बाढ़ से बचाव की तैयारी परखी

**जोधपुर**, (कासं) । जिला कलैक्टर गौरव अग्रवाल ने मंगलवार को डर्बी कॉलोनी, बासनी में मानसून पूर्व जिले में बाढ़ बचाव की तैयारियों के लिए आयोजित मॉकड्रिल का जायजा लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा जिले एवं संभागीय स्तर पर उपलब्ध समस्त बाढ़-बचाव संसाधनों का मॉकड्रिल किया गया। कलक्टर ने सभी संबधित अधिकारियों को आगामी मानसून को देखते हुए अपनी तैयारिया पूर्ण रखने के निर्देश दिए।

साथ ही, उन्होंने कहा कि बाढ़ आपदा से बचाव के संबंध में संबधित उच्च अधिकारियों की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। ताकि आपदा के समय आमजन को कोई परेशानी न हो।

अतिवृष्टि के दौरान शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पानी भर जाने की स्थिति में किस प्रकार से जिले में उपलब्ध मोटर बोट, लाइफ जैकेट, एयर ट्यूब, सुरक्षा दल संबंधित उपकरणों सहित विभिन्न प्रकार के उपलब्ध संसाधनों का प्रयोग कर बाढ़ बचाव कार्य का मॉकड्रिल का आयोजन किया। इसका डेमो एसडीआरएफ के जवान और जिले के बाढ़-बचाव दल के जवान द्वारा किया गया।

जोधपुर विकास प्राधिकरण आयुक्त उत्साह चौधरी, नगर निगम दक्षिण आयुक्त डॉ टी शुभमंगला, अतिरिक जिला कलेक्टर तृतीय डॉ सुनीता पंकज, उच्च अधिकारियों सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सडक सुरक्षा समिति की बैठक हुई

**पाली,** (नि.सं.)। जिला कलैक्टर एल.एन. मंत्री की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय में जिला सडक सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उन्होंने शहर में सूरजपोल चौराहे पर ट्रॉफिक लाईटें दूरस्त करने व बरसात से पूर्व सड़क के गड्ढों को दूरस्त करने के साथ ही राष्ट्रीय राजमार्गो एवं राज्य राजमार्गो पर विचरण करने वाले पशुओं के सींगों पर रिफलेक्टर लगाए जाने के लिये कहा। साथ ही दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाए जाने के लिये जागरूक व प्रेरित किये जाने के निर्देश दिये। बैठक में उन्होंने नगर परिषद को शहर के नालों की बारिश से पूर्व सफाई कराने तथा सडक के किनारे नाले हैं जहां दुर्घटना होने की संभावना हैं ऐसे नालों को ढकने के लिये व जिले में स्थित ट्रोमा सेन्टर की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर उन्होंने नगर परिषद पाली एवं यूआईटी से बारिष को मध्य नजर रखते हुए उपलब्ध वाटर पम्प व अन्य संसाधन दूरस्त करने के लिये निर्देश दिये। उन्होंने दुर्घटना से संबंधित सूचना की प्रविष्टि पत्1क एप्प पर दर्ज करने हेतु पुलिस विभाग एवं संबंधित विभागों को निर्देश दिये। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर(सीलींग) भवानी सिंह पंवार ने भी आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर अधीक्षण अभियन्ता, सा.नि.वि.वृत पाली, डी आर माधव , प्रादेषिक परिवहन अधिकारी , अर्जुन सिंह उप पुलिस अधीक्षक, यातायात प्रभारी,प्रिन्सीपल मेडिकल कॉलेज, डॉ पी सी व्यास ,बांगड चिकित्सालय,पाली, आर के विश्नोई , आरएसआरडीसी,टोल मैनेजर, एनएचएआई व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### आपातकाल लोकतंत्र पर कलंक : बांठिया

**बालोतरा,** (निसं)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांठिया ने 25 जून को जयपुर भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजयुमो द्वारा आपातकाल दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में शिरकत कर आपातकाल में अपना जीवन न्यौछावर करने वाले लोगो को श्रदांजलि अर्पित की। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्य समिति सदस्य व व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक गणपत बांङ्गिया ने कहा कि उस रक्त रंजित काला दिवस में मेरे परिवार ने भी कष्ट झेला है।देश के हजारों नेताओ के साथ मेरे पिताजी पूर्व विधायक स्व चम्पालालजी बाठिया को भी मीसा बन्दी के तहत जेल में डाल दिया गया था।वे जोधपुर जेल में रहे। बांठिया ने कहा कि 25 जून 1975 की रात्रि को देश के लोगो को कुचलने का जो कृत्य तत्कालीन केंद्र की कांग्रेस सरकार ने किया। इस आदेश से 21 महीने के युग की शुरुआत हुई जिसमें प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को लोकतंत्र और मानवाधिकारों के सभी सिद्धांतों का उल्लंघन करके देश पर शासन करने का निरंकुश अधिकार मिल गया। इंदिरा गांधी के राजनीतिक विरोधियों को जेल में डाल दिया गया, और मीडिया ने अपनी प्रेस की स्वतंत्रता खो दी और सेंसरशिप के अधीन हो गए।इंदिरा गांधी ने देश को जलती भट्टी में डाल दिया। उन्होंने प्रेस की आजादी छीन ली गई व नागरिकों के अधिकार छीन लिए गए।उस दौरान पुलिसिया प्रताडना चरम सीमा पार कर दी गई थी। उन्होंने ने कहा की लोकतंत्र के चारों स्तंभ चाहे वह न्यायपालिका हो या फिर मीडिया सभी का दमन किया गया था।आपातकाल के 21 महीने भारत के लोगों ने इमरजेंसी झेली थी।संविधान की धारा 352 के अधीन आपातकाल की घोषणा की गई थी।

### 51 यूनिट रक्तदान

**पाली,** (नि.सं.)। शिवसेना उप जिला प्रमुख एवं अखिल भारतीय बंजारा समाज पाली जिला अध्यक्ष अरविंद बंजारा का जन्मोत्सव पाली शिवसेना द्वारा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पाली शिवसेना एवं बंजारा समाज की नवयुवकों द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 51 यूनिट रक्तदान किया गया। अरविंद बंजारा ने भी अपने जन्म दिन पर 26 वीं बार रक्त दान किया। इस अवसर पर शिव सेना जिला प्रमुख सोहन सिंह राव, दीपक जोशी, फिल्म निर्माता गजेंद्र सिंह मंडली, विशाल सैनी, प्रकाश वैष्णव, जुगल किशोर जोशी, रतन सिंह इंदा, जगसा बंजारा, रमेश जी बंजारा, सोहन जी बंजारा,गोविंद बंजारा, पप्पसा अंबेडकर नगर, राजू अंबेडकर नगर, मोहित अंबेडकर नगर, संजय बंजारा, रवि रेलवे स्टेशन, पर्वत सिंह चोटिला, चंद्रप्रकाश भाटी, पारस बंजारा, रमेश बंजारा जालाराम बंजारा, गोविंद भाटी, राहुल बंजारा, जितेंद्र बंजारा, मदन जी बंजारा, महेंद्र शर्मा, शंकर कुमावत, मुकेश काका, पुनाराम बंजारा, ईश्वर बंजारा, प्रकाश भगत आदि मौजूद रहे।

### लोगों को पीने का पानी दें : प्रताप

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जिला कलैक्टर प्रतापसिंह ने ग्राम पंचायत भैसड़ा में आयोजित रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों की धैर्य के साथ परिवेदनाएं सुनी एवं अधिकारियों को इनका निस्तारण शीघ्र ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से पानी एवं बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की वे इस गर्मी में समय पर पानी आपूर्ति कर लोगो को पीने का पानी उपलब्ध कराएं वहीँ पूरे वोल्टेज के साथ विद्युत सप्लाई करें। रात्रि चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने मुख्य रूप से पानी एवं बिजली से सम्बंधित प्रार्थना पत्र जिला कलैक्टर के समक्ष प्रस्तुत किये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारी को मौके पर ही निर्देश दिये की वे इनकी समस्याओं का समाधान कर सुचारू रूप से पीने का पानी सप्लाई कराएं।

### पिस्टल और कारतूस बरामद

**जोधपुर,** (कासं) । निकटवर्ती विष्णुपुरा की ढाणी बिरामी निवासी रविन्द्र पुत्र सहीराम विश्नोई को अवैध पिस्टल एक कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया। वह पुलिस को देखकर भागने लगा, तब पीछा कर उसे पकड़ा गया। तलाशी में पिस्टल और कारतूस मिला।

